**जिलाधिकारी बदायूँ की अध्यक्षता में दिनॉक 30.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थिति–

1. श्री केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
2. श्री अरूण कुमार, अपर जिलाधिकारी, बदायूँ।
3. श्री नरेन्द वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
4. श्री आकाश चौधरी, उप परियोजना प्रबन्धक, मै0 बी0एल0जी0 (टी0पी0आई0 संस्था)।
5. श्री गुरूप्रताप सिंह, वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0ए, बदायूँ।
6. श्री मनीष उपाध्याय, अवर अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जलनिगम (ग्रामीण), बदायूँ।
7. श्री हिमांशु राठौर, जिला समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
8. श्री हसीबुर रहमान, आई0एस0ए0 समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।

बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयीः–

1. **''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत सड़क के पुर्ननिर्माण की स्थितिः–**

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद बदायूँ की 1444 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई ट्रेन्च को साथ के साथ लेवल करने तथा पाइप लाइन टेस्टिंग के पश्चात सड़क का पुर्ननिर्माण कराया जाना था जिसके सापेक्ष 1000 राजस्व ग्रामों में सड़क लेवल कराये जाने का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। जिलाधिकारी बदायूँ के द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्य को शीघ्र कराया जाए।



**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

2 **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत ''हर घर जल'' की प्रमाणीकरण की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान तक 662 नग पेयजल योजना पोर्टल पर रिर्पोट की गई है, जिसमें 379 नग पेयजल योजना का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी बदायूँ के द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्य को शीघ्र कराया जाए।

(कार्यवाही–**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

3. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत कराये जा रहे अवर जलाशय के निर्माण की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 857 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 145 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी बदायूँ के द्वारा निर्देशित किया गया कि दिसम्बर 2025 तक अन्य 155 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है।

(कार्यवाही–**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

4. **''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्ण किये गये ग्राम पंचायतों का पंचायतीराज को हस्तान्तरण करने के सम्बन्ध मे।**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 31 नग योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली गई इनमें से 11 नग योजना पंचायतीराज पोर्टल पर हस्तान्तरण हेतु अपलोड करा दी गई है।

(कार्यवाही–**अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं पंचायतीराज अधिकारी)।**

5. **''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत विवादित ग्रामों में पाइप लाइन न बिछाये जाने के सम्बन्ध में:–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, बदायूॅ को निर्देशित किया गया कि 43 विवादित योजनाओं में पाइप लाइन की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी बदायूॅ द्वारा निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0/आइ0ई0सी0 विवादित ग्रामों में बैठक कराकर विवादों का निस्तारण शीघ्र कराने का प्रयास करें।

**( कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) बदायूँ )**

6. विद्युत कनैक्शन एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग के सम्बन्ध में:–

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण, मण्डल बदायूॅ एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाईन शिफ्ट की प्रगति की रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण प्रभावी अनुश्रवण करें तथा प्रगति से अवगत कराएं।

(कार्यवाही–**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण, मण्डल बदायूँ, अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एवं चतुर्थ एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण ।**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया है कि बहुल ग्राम एवं विवादित ग्रामों की सूची अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि इस अग्रेतर कार्रवाई अमल में लायी जा सके।

अन्त में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गई।

( केशव कुमार )
मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।

पत्रांक– 1078/M-32/28- दि० 6-5-25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, बदायूँ के अवलोकनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बदायूँ।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ बदायूँ।
6. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
7. मै0 मेघज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
8. मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज, टी0पी0आई0, बदायूँ।

6.5.25

मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।